**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 20.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- **राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के इकतालीस और भारतीय पुलिस सेवा के बीस अधिकारियों के विभागों में किया फेरबदल।**
- **भाजपा ने वक्फ संशोधन अधिनियम के बारे में लोगों को जागरूक करने आज से शुरू किया 'वक्फ सुधार जन—जागरण अभियान'।**
- **नारायणपुर जिले में नौ लाख रूपये के इनामी पांच माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण—नारायणपुर और बीजापुर से सात माओवादी गिरफ्तार।**
- **प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस कल मुख्यमंत्री निवास का करेगी घेराव।**

**आईएएस—तबादला**

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के इकतालीस अधिकारियों का तबादला किया है। इनमें ग्यारह जिलों के कलेक्टर भी शामिल हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक संजय अग्रवाल को बिलासपुर, दिव्या उमेश मिश्रा को बालोद, इंद्रजीत चंद्रवाल को खैरागढ़—छुईखदान—गंडई, कुंदन कुमार को मुंगेली, नुपूर राशि पन्ना को कोंडागांव, संजय कन्नौजे को सारंगढ़—बिलाईगढ़, भगवान उइके को गरियाबंद, मयंक चतुर्वेदी को रायगढ़, कुणाल दुदावत को दंतेवाड़ा, जन्मेजय महोबे को जांजगीर—चांपा और सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे को राजनांदगांव का कलेक्टर नियुक्त किया गया है। इसके अलावा टोपेश्वर वर्मा को बिलासपुर राजस्व मंडल का अध्यक्ष, जनक प्रसाद पाठक को वन विभाग का विशेष सचिव और शिखा राजपूत तिवारी को चिकित्सा शिक्षा के साथ आयुष विभाग का आयुक्त बनाया गया है। वहीं, किरण कौशल को मार्कफेड के साथ नागरिक आपूर्ति निगम का प्रबंध संचालक और डॉक्टर प्रियंका शुक्ला को राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के प्रबंध संचालक की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह, अवनीश शरण, सुनील कुमार जैन, के.डी. कुंजाम, कार्तिकेय गोयल, सारांश मित्तल, पदुम सिंह एल्मा, रमेश कुमार शर्मा, धर्मेश साहू सहित अन्य अधिकारियों के प्रभार में भी बदलाव किया गया है।

**आईपीएस—तबादला**

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के बीस अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक पवन देव को आगामी आदेश तक इस कार्पोरेशन का अध्यक्ष भी बनाया गया है। वहीं, सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अंकित कुमार गर्ग को नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में एस. आई.बी. के पुलिस महानिरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार, ध्रुव गुप्ता को पुलिस महानिरीक्षक सी.आई.डी., दीपक कुमार झा को सरगुजा रेंज का आईजी, अभिषेक शांडिल्य को राजनांदगांव का पुलिस महानिरीक्षक, बालाजी राव को पुलिस मुख्यालय में आईजी कानून व्यवस्था और विशेष शाखा, अजातशत्रु बहादुर सिंह को गुप्तवार्ता और विशेष शाखा का पुलिस उपमहानिरीक्षक, विवेक शुक्ला को अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक सी.आई.डी., राजेश कुमार अग्रवाल को सरगुजा का पुलिस अधीक्षक और विजय अग्रवाल को दुर्ग का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा जितेन्द्र शुक्ला, भावना गुप्ता, सूरज सिंह, त्रिलोक बंसल, लक्ष्य शर्मा, आंजनेय वार्ष्णेय, पुष्कर शर्मा, योगेश कुमार पटेल, एस.आर. भगत और विजय पाण्डे के प्रभार में भी बदलाव किया गया है।

**भाजपा—वक्फ अभियान**

भारतीय जनता पार्टी ने वक्फ संशोधन अधिनियम के लाभों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए आज से राष्ट्रीय स्तर पर 'वक्फ सुधार जन—जागरण अभियान' की शुरुआत की है। यह अभियान पांच मई तक चलेगा। इस अभियान के तहत, भाजपा नेता और कार्यकर्ता, मुस्लिम समुदाय के बीच जाएंगे और उन्हें संशोधित अधिनियम के बारे में जागरूक करेंगे। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विपक्षी दलों पर वोट बैंक की राजनीति करने और संशोधित कानून के प्रावधानों पर मुसलमानों को गुमराह करने का आरोप लगाया था।

**माओवादी आत्मसमर्पण/गिरफ्तार**

नारायणपुर जिले में पांच माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। ये सभी माओवादी कुतुल और इंद्रावती एरिया कमेटी के अंतर्गत जोनल डॉक्टर डिप्टी कमांडर और एलओएस सदस्य के रूप में सक्रिय थे। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को शासन की ओर से पचास–पचास हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों पर नौ लाख रूपये का इनाम घोषित था। वहीं, इसी जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के मरकुड़–जड्डा के जंगल में सुरक्षा बलों ने तीन माओवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि इन माओवादियों पर आईईडी विस्फोट की घटना में शामिल रहने का आरोप है।

इधर, बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने अलग–अलग थाना क्षेत्रों से चार माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इन माओवादियों के पास से टिफिन बम, सहित माओवादी सामग्री बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम जांगला थाना क्षेत्र में सर्चिंग पर निकली हुई थी। इसी दौरान माटवाड़ा और कुपमेटा के जंगल से चार माओवादियों को गिरफ्तार किया गया।

**मुख्यमंत्री–सम्मेलन**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत आज रायपुर में महर्षि दयानंद सरस्वती की दो सौवीं जयंती और आर्य समाज के एक सौ पचासवें स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित धर्मरक्षा महायज्ञ और वैदिक सनातन संस्कृति सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साय और आचार्य देवव्रत ने छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा तैयार पुस्तिका "चुनौतियों का चिंतन" का विमोचन किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्य समाज द्वारा निरंतर देश सेवा, धर्म–संस्कृति की रक्षा और जनजागरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी सबसे बड़े हिन्दू हैं। सम्मेलन में गुजरात के राज्यपाल ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन–मूल्यों और विचारों को आत्मसात करने से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक उन्नति का संकल्प पूरा होगा।

**राष्ट्रीय संगोष्ठी**

पृथ्वी दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा बाईस और तेईस अप्रैल को नवा रायपुर में सागरिया मेमोरियल राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक विकास एवं योजना अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि आठ सत्रों में आयोजित होने जा रही इस संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ के भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के साथ ही देश के आठ राज्यों के वन अधिकारी शामिल होंगे।

**चैंबर ऑफ कॉमर्स–शपथ ग्रहण**

रायपुर के शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में आज छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में सतीश थौरानी ने अध्यक्ष, अजय भसीन ने महामंत्री और निकेश बरड़िया ने कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ ली। समारोह को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में चैंबर ऑफ कॉमर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**कांग्रेस–प्रदर्शन**

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस कल इक्कीस अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर पहले गांधी मैदान में एक सभा होगी। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

**चित्रकला कार्यशाला**

राजधानी रायपुर के बूढ़ेश्वर मंदिर में आज से तीन दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। संस्कार भारती के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला का विषय लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन से जुड़ी घटनाएं है। कार्यशाला में प्रदेशभर के चित्रकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं।

**ईस्टर**

ईस्टर का पर्व आज पूरी दुनिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मान्यता है कि गुड फ्राइडे पर ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने के बाद आज ही के दिन उनका पुनर्जन्म हुआ था। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के सभी गिरजाघरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां विशेष प्रार्थना सभाएं भी आयोजित की गईं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं दी हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

– उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मुंगेली जिले के बैगाकापा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में लोरमी विकासखंड के अट्ठाईस शासकीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास–रूम की शुरूआत की।

– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज अपने कवर्धा प्रवास के दौरान दो अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

– पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पंडित राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की मृत्यु के मामले में डॉक्टर नरेंद्र विक्रम यादव और बिलासपुर स्थित अपोलो प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

– बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के कांग्रेस विधायक इंद्र साव की सुरक्षा में तैनात पीएसओ ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>